समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# IPL 2025 रद्द होगा या पोस्टपोन ? BCCI की प्लानिंग पर उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का बड़ा बयान |

Publisher
Published on 09 May 2025



**गुरुवार को आईपीएल मैच रद्द हो जाने के बाद अब BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का बयान आया है. उन्होंने बताया है कि बोर्ड की क्या प्लानिंग है.**

क्या आईपीएल 2025 रद्द हो जाएगा ? या इसे स्थगित किया जाएगा या कहीं दूसरे देश में इसे शिफ्ट किया जाएगा ? ये सवाल सभी के मन में हैं क्योंकि गुरुवार को पाकिस्तान द्वारा जम्मू समेत कई जगहों पर पाकिस्तानी अटैक के बाद PBKS बनाम DC मैच रद्द कर दिया गया. ये मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा था, 10.1 ओवरों का खेल हो भी चुका था. बाद में इसे रद्द कर दिया गया. बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इसको लेकर बताया कि फिलहाल हमारी प्राथमिकता सभी खिलाड़ियों, फैंस और हितधारकों की सुरक्षा है.

पठानकोट में हमले की खबर के बाद धर्मशाला में खेला जा रहा पंजाब बनाम दिल्ली मैच बीच में ही रोक दिया गया और सभी खिलाड़ियों को जल्दी होटल ले जाया गया. खबर है कि कई खिलाड़ी तो पेड पहने हुए ही होटल पहुंचे थे, जबकि दर्शकों को भी जल्दी से जल्दी स्टेडियम से लौटकर अपने घर जाने को कहा गया.

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने क्या बताया
उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, “हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं, सरकार से सलाह ले रहे हैं और 9 मई आईपीएल 2025 पर अंतिम फैसला लेंगे. स्थिति हर दिन बदल रही है. जो भी हमें कहा जाएगा, हम करेंगे और सभी हितधारकों को इसके बारे में बताएंगे. अभी हमारी प्राथमिकता सभी खिलाड़ियों, फैंस और हितधारकों की सुरक्षा है.

एयरपोर्ट बंद तो धर्मशाला से कैसे आएंगे प्लेयर्स ?

एयरपोर्ट बंद होने की वजह से BCCI खिलाड़ियों को धर्मशाला से दिल्ली लाने का दूसरा प्लान बना रही है. राजीव शुक्ला ने बताया कि वह टीमों को स्पेशल ट्रेन से दिल्ली पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं. बीसीसीआई की प्राथमिकता टीमों की सुरक्षा ही है.

भारत पाकिस्तान तनाव के बीच ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स स्वदेश लौटना चाहते हैं, इसमें पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग का भी नाम है जो गुरुवार को धर्मशाला स्टेडियम में ही मौजूद थे. खबर है कि फ्रेंचाइजी अपने विदेशी खिलाड़ियों को स्थिति के बारे में बता रही है. उन्हें ये भी आश्वस्त किया गया है कि अगर वह वापस घर लौटना चाहते हैं तो उनके ट्रेवलिंग की व्यवस्था की जाएगी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.